घटिया निर्माण

घुघरी-चाबी मार्ग ठप, घटिया निर्माण का आरोप, आक्रोशित ग्रामीणों ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

# मूसलाधार बारिश में बहीं गरैया की दोनों पुलिया, आवागमन बंद





**नवभारत, भुआबिछिया।** ग्राम पंचायत गरैया में घुघरी-चाबी मुख्य मार्ग पर बनी दोनों पुलियाएं लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बह गई हैं। पुलियों के क्षतिग्रस्त होने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे इस प्रमुख मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है और क्षेत्र के कई गांवों का संपर्क टूट गया है।

सड़क संपर्क टूटने का सबसे ज्यादा खामियाजा स्कूली छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग पर चलने वाली इकलौती बस सेवा बंद होने से बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है और उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही, किसानों, मजदूरों, मरीजों और रोजमर्रा के यात्रियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### घटिया निर्माण और भारी वाहनों का दबाव

ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है कि निर्माण कार्य बेहद घटिया गुणवत्ता का था। इस मार्ग से रेत खदानों के भारी-भरकम हाइवा वाहन गुजरते हैं, जिससे सड़क पर हमेशा भारी दबाव रहता है। इसके बावजूद मजबूत और टिकाऊ निर्माण नहीं कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल इस मार्ग की मरम्मत की जरूरत पड़ती है, जो सीधे तौर पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता है।

### नहीं हुआ समाधान तो होगा आमरण अनशन

हालात को देखते हुए ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर पुलियों और सड़क का तुरंत पुनर्निर्माण शुरू कराया जाए। राहगीरों के लिए तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था की जाए। घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारियों की निष्पक्ष जांच कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया, तो वे जनहित में आमरण अनशन पर बैठने को विवश होंगे। किसी भी प्रकार की अनहोनी या हादसे की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी।

# देल्हा मुक्तिधाम : बारिश में भीगते हुए किया अंतिम संस्कार

मुक्तिधाम की बदहाली ने खोली विकास के दावों की पोल, शेड और पक्के मार्ग का अभाव



**नैनपुर।** जिले के नैनपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत देल्हा में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को उजागर करने वाली एक मार्मिक तस्वीर सामने आई है। यहाँ एक ग्रामीण के निधन के बाद परिजनों और अंतिम यात्रा में शामिल लोगों को तेज बारिश के बीच खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करने को विवश होना पड़ा। इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जब ग्रामीण का अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तब क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी। मुक्तिधाम में टीन शेड या छांव की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण, परिजन और ग्रामीण पूरी प्रक्रिया के दौरान बारिश में भीगते रहे। स्थिति और भी दयनीय तब हो गई जब मुक्तिधाम तक पहुँचने वाला कच्चा मार्ग बारिश के कारण कीचड़ और दलदल में तब्दील हो गया। शव को वहाँ तक ले जाने में लोगों को भारी जद्दोजहद और परेशानी का सामना करना पड़ा।

### लंबे समय से अनसुनी है ग्रामीणों की मांग

इस घटना के बाद से देल्हा के ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम में शेड निर्माण और वहां तक पक्का पहुँच मार्ग बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। पंचायत से लेकर जनपद स्तर तक के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार इस विकट समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई भी स्थायी समाधान नहीं किया गया।

ग्रामीणों और परिजनों का स्पष्ट आरोप है कि यदि प्रशासन ने समय रहते ये मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई होतीं, तो शोक के समय में उन्हें इस तरह की अमानवीय स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। यह पूरी घटना ऐसे समय में सामने आई है जब शासन-प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। इसके बावजूद, मुक्तिधाम जैसी अति-आवश्यक जगह पर मूलभूत व्यवस्थाओं का अभाव स्थानीय लोगों के लिए गहरी पीड़ा का कारण बना हुआ है।

एक नजर में

### उत्कृष्ट विद्यालय को सांदीपनि विद्यालय में उन्नयन करने की उठी मांग

**नैनपुर।** नैनपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर को संदीपनि विद्यालय में उन्नयन किए जाने की मांग उठाई गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मध्य प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त संदीपनि विद्यालय स्थापित किए जाने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। बताया गया कि पहले प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक संदीपनि विद्यालय स्थापित करने की योजना के तहत नैनपुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर चिरईडोंगरी में विद्यालय संचालित किया गया। दूरी अधिक होने के कारण नैनपुर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक विद्यार्थियों को वहां प्रवेश लेने और नियमित अध्ययन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने शासन, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर को शीघ्र संदीपनि विद्यालय में उन्नयन किया जाए। उनका कहना है कि इससे न केवल नैनपुर बल्कि आसपास के विद्यार्थियों को भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का लाभ मिलेगा और क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर सकेगा।

### प्रमोशन में आरक्षण पर सुनवाई तीन अगस्त को

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण से जुड़े बहुचर्चित मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में नया मोड़ आया। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विनय सराफ की विशेष युगलपीठ ने स्पष्ट किया कि इस मामले की सुनवाई अब 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण प्रकरण में बहस पूरी होने के बाद की जाएगी। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तीन अगस्त निर्धारित की है।सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने राज्य सरकार की ओर से जवाब प्रस्तुत किया। विशेष पीठ ने स्पष्ट किया कि इस बीच राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले सभी पदोन्नति आदेश इस मामले में हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। वर्तमान में प्रशासनिक न्यायमूर्ति आनंद पाठक और न्यायमूर्ति विनय सराफ की विशेष पीठ 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामलों की रोजाना (डे-टू-डे) सुनवाई कर रही है। ओबीसी आरक्षण मामले में बहस पूरी होने के बाद प्रमोशन में आरक्षण प्रकरण पर विस्तृत सुनवाई शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति विनय सराफ दोनों विशेष पीठों का हिस्सा हैं।

# जीआरपी ने पकड़ा मोबाइल चोर, ट्रेन में करता था चोरी



**नैनपुर।** जी आर पी थाना नैनपुर ने नैनपुर स्टेशन के प्लेट फार्म से ड्यूटी के दौरान संदेह होने पर संदेही को थाना लाकर पूछताछ किया पूछताछ करने पर उसने मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी का मोबाइल जप्त किया गया जिसे गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया। न्यायालय से पुलिस रिमांड में लेकर जी आर पी थाना नैनपुर लाया गया पूछताछ पर उसने और भी मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। मोबाइल चोर नन्द किशोर पिता स्वर्गीय कौशल माहोरे निवासी ग्राम धमनियां थाना चांद जिला छिंदवाड़ा का रहने वाला है। जिसने स्वीकार किया की वह सिवनी, छिंदवाड़ा, नैनपुर मंडला जबलपुर ट्रेन लाइन में चल कर यात्रियों के मोबाइल चोरी करता था। उसके बताए अनुसार ठिकाने से अलग अलग कंपनी के छः मोबाइल बरामद किए। चोरी किए हुए मोबाइल के मालिकों की तलाश की जा रही है। जिन्हें बुलाकर मोबाइल उन्हें सौंप दिए जाएंगे। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस पूरे अभियान में जी आर पी थाना प्रभारी दिलीप बढ़ई के मार्गदर्शन में संपूर्ण कार्यवाही को अंजाम दिया गया। टीम में शामिल प्रअ अनिल चुरहे, डेविड तेकाम, राहुल टांडेकर, प्रमोद शरणागत, मोहपेंद्र गोनगे, नीतिन आर्मो, तृप्ति सिंह, मोनिका उईके एवं एसके पांडे की भूमिका सराहनीय रही।

सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप : उमरिया निवासी मजदूर की गई जान, पुलिस जांच में जुटी

# ठरका निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज में करंट से मजदूर की मौत



**नैनपुर।** जिले के मंडला-बम्हनी सड़क मार्ग पर ठरका के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज पर मंगलवार को काम के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और साथी मजदूरों ने काम बंद कर दिया। इस घटना ने निर्माण कार्यों में मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य में लगे मजदूर रोज की तरह अपना काम कर रहे थे। इसी दौरान जिला उमरिया के ग्राम धमतरी निवासी एक मजदूर अचानक तेज विद्युत करंट की चपेट में आ गया। करंट इतना शक्तिशाली था कि मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और अन्य मजदूर घटनास्थल पर एकत्रित हो गए।

**सुरक्षा मानकों की अनदेखी के गंभीर आरोप :** प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कई अहम सवाल उठाए हैं। निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की पूरी तरह अनदेखी की जा रही थी। बारिश के इस मौसम में भी मजदूरों से बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के जोखिम भरा काम लिया जा रहा था। कई मजदूरों के पास हेलमेट, सेफ्टी शूज (सुरक्षा जूते) और इंसुलेटेड दस्ताने जैसी बुनियादी सुरक्षा सामग्री भी उपलब्ध नहीं थी।

### पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

हादसे की सूचना मिलते ही बम्हनी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना के कारणों के साथ-साथ निर्माण एजेंसी द्वारा अपनाए गए सुरक्षा इंतजामों की भी गहन पड़ताल की जाएगी।

# बिना सूचना स्थानांतरित हुआ डाकघर, भटक रहे हितग्राही

सूचना पटल व दिशा-निर्देश के अभाव में लोगों को हो रही परेशानी



**नारायणगंज।** नगर नारायणगंज स्थित डाकघर के हाल ही में एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण किए जाने के बाद आम नागरिकों और हितग्राहियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डाकघर का स्थान बदलने के बावजूद विभाग की ओर से पुराने कार्यालय परिसर में नए पते संबंधी कोई सूचना चस्पा नहीं की गई है और न ही नए कार्यालय के बाहर कोई स्पष्ट सूचना पटल या संकेतक लगाया गया है।

इस कारण प्रतिदिन डाकघर पहुंचने वाले हितग्राही पुराने कार्यालय तक पहुंचकर वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। कई लोगों को नए कार्यालय की जानकारी नहीं होने से उन्हें काफी समय तक इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य हितग्राही सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुराने कार्यालय स्थल पर नए पते की सूचना और दिशा-निर्देश वाला बोर्ड लगाया जाता तो लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। विभाग की इस लापरवाही से आमजन में नाराजगी देखी जा रही है।

### हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो

नागरिकों ने डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि पुराने कार्यालय स्थल पर तत्काल सूचना पटल लगाया जाए तथा नए कार्यालय के बाहर भी स्पष्ट नाम-पट्ट एवं दिशा-सूचक बोर्ड स्थापित किए जाएं, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें डाक सेवाओं का लाभ सहजता से मिल सके।

ग्वारा गांव के शुभ कार्यों में शामिल होने की मांगी अनुमति

# कलेक्टर के पास पहुंचा किन्नर समूह, लगाई मदद की गुहार



**नैनपुर।** अपनी आजीविका चलाने के लिए बम्हनीबंजर के किन्नर समूह ने मंडला कलेक्टर के पास पहुंचकर गुहार लगाई है। 67 वर्षीय जमीला किन्नर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में ग्राम ग्वारा स्थित 35वीं बटालियन कॉलोनी में होने वाले सामाजिक और शुभ कार्यों में शामिल होने की अनुमति मांगी गई है।

आवेदिका जमीला किन्नर ने बताया कि उनके साथ 9-10 किन्नरों का समूह रहता है। उनका यह समूह बम्हनी क्षेत्र के गांवों में घूमकर शुभ कार्यों में नाच-गाकर और लोगों को आशीर्वाद देकर अपना और अपने समूह का जीवन यापन करता है। ग्राम ग्वारा बम्हनी से लगा हुआ है और उनके पारंपरिक क्षेत्र में आता है, इसलिए वे वहां जाकर अपनी आजीविका कमाना चाहते हैं। आवेदन में बताया गया है कि इस संबंध में समूह ने पूर्व में 10 मार्च को पुलिस अधीक्षक मंडला को भी आवेदन दिया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब किन्नर समूह ने कलेक्टर से अपील की है कि उन्हें ग्वारा गांव में जाने और वहां होने वाले आयोजनों में शामिल होने की अनुमति प्रदान की जाए, जिससे उनका जीवन यापन सुचारू रूप से चल सके।

# रेल्वे में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**नवभारत, जबलपुर।** रेल्वे में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक, युवती से लाखों रूपए की ठगी की गई। रांझी पुलिस ने रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सौरभ दुबे 29 वर्ष, पिता मालिकराम दुबे निवासी धनवंतरी नगर संजीवनी नगर, का वर्ष 2022 से आईसीआईसीआई बैंक की कलेक्शन एजेंसी आरएस एसोसिएट मदन महल में कलेक्शन का काम करता था। ऑफिस में इशिका वैश्य भी काम करती थी माह जनवरी 2025 में ईशिका के द्वारा सौरभ कश्यप पिता दिलीप कश्यप निवासी रांझी पुरानी बस्ती झण्डा चौक से सौरभ दुबे का संपर्क कराया तब सौरभ कश्यप द्वारा उसे बताया गया कि उसकी रेलवे में बहुत अच्छी पहुंच है मैं तुम्हारी नौकरी रेलवे में लगवा दूंगा उसके बाद उसे और ईशिका को रेलवे स्टेशन मिलने बुलाया जहां पर सौरभ कश्यप का साथी युवराज पटेल द्वारा अमित सिंह नामक व्यक्ति से सौरभ दुबे की मुलाकात करायी और उसकी स्टेशन मास्टर के पद पर नौकरी लगवाने का इन सभी ने आश्वासन देते हुए सात लाख रूपये की मांग की गई नौकरी के लालच में सौरभ दुबे ने सात लाख रूपए दे दिए थे। ईशिका वैश्य से भी 1,25,000 रूपए नौकरी लगवाने के नाम पर हड़प लिये हैं।

### एफआईआर का बोला तो दिए चेक, बैंक से हुए बाउंस

समय सीमा के पश्चात जब नौकरी नहीं लगी तो पूछने पर संतोषजनक उत्तर नहीं दिया यही कहते रहे कि शीघ्र ही नौकरी लग जायेगी तुम चिंता मत करों और टाला मटोली करते रहे। जब एफआईआर दर्ज कराने की बात कहीं तो 13 जनवरी 2026 को सात लाख रूपए का चैक हस्ताक्षरित कर दिया। जब उसने बैंक में उक्त चेक जमा किया जो 15 जनवरी को चेक व रिटर्न मेमो अपर्याप्त निधि की टीप के साथ बिना भुगतान किये बैंक द्वारा वापस कर दिया।

# एक दिन काम कराकर निकाला सात दिन का मस्टर रोल, मजदूरों में आक्रोश



**नारायणगंज।** जिले के जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरबटी में चल रहे अमृत सरोवर बांध निर्माण कार्य में भारी मनमानी और अनियमितता बरती जा रही है। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना में रोजगार न मिलने और फर्जी मस्टर रोल निकाले जाने से आक्रोशित दर्जनों महिला मजदूरों ने पंचायत भवन पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बरबटी में अमृत सरोवर बांध निर्माण कार्य में मनमानी के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं पंचायत भवन पहुंचकर आक्रोश व्यक्त की। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि उन्हें अमृत सरोवर बांध में केवल एक दिन का काम दिया गया, जबकि मस्टर रोल पूरे सात दिन का निकाला गया है। इससे मजदूरों को सीधे तौर पर छह दिन की मजदूरी का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि जब वे इस मुद्दे पर बात करने और अपना हक मांगने पंचायत भवन पहुंचे, तो पंचायत में मौजूद जिम्मेदार और सचिव कार्यालय में ताला लगाकर वहां से भाग निकले। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा काम बंद करने के पीछे पैसे खत्म होने का हवाला दिया जा रहा है। मजदूरों का कहना है कि शासन और अधिकारियों ने पूर्व में आश्वासन दिया था कि यह काम लगातार करीब 2 वर्ष तक चलेगा, लेकिन महज कुछ महीने में ही अचानक काम रोक दिया गया है।

कार्यक्रम

बीजाडांडी में कुक कम हेल्पर्स की ब्लॉक स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता आयोजित

# उत्कृष्ट व्यंजन बनाने वाली धनवाही की संतोषी बाई ने जीता प्रथम पुरस्कार



**बीजाडांडी।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जनपद पंचायत बीजाडांडी के सभाकक्ष में विकासखंड स्तरीय कुक कम हेल्पर्स कुकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, पौष्टिकता, स्वच्छता और स्वाद में सुधार लाना तथा रसोइयों (कुक कम हेल्पर्स) को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित करना था।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत बीजाडांडी की अध्यक्ष करिश्मा राजेन्द्र पुट्टा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा मरकाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासंती दुबे, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक साहेब लाल सूर्यवंशी, सहायक विकासखंड प्रबंधक गिरजा देवी केवट और बीआरसी मनोज चंदेल सहित शिक्षा विभाग व जनपद पंचायत के कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**विजेताओं को मिला नकद पुरस्कार और सम्मान-** प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से आई कुक कम हेल्पर्स ने अपनी पाक कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। निर्णायकों ने भोजन की गुणवत्ता, पोषण मूल्य, स्वाद, प्रस्तुतीकरण और स्वच्छता के आधार पर विजेताओं का चयन किया, जिन्हें नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार 5 हजार रुपये संतोषी बाई, द्वितीय पुरस्कार तीन हजार रूपए सविता यादव और सोनम मरावी, तृतीय पुरस्कार दो-दो हजार रुपये संयुक्त रूप से गुमटिया बाई, लायेची बाई और हाजरा बी और चतुर्थ पुरस्कार एक-एक हजार रुपये संयुक्त रूप से धनिया बाई, सुनीता मरावी और छोटी बाई धुर्वे एकीकृत माशा बरगा बटई को दिया गया है।

# 6 स्कूलों में छात्र-छात्राओं को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

टिकरिया पुलिस की नशामुक्ति मुहिम




**नारायणगंज।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जागरूकता अभियान के तहत पुलिस ने टिकरिया थाना क्षेत्र और नारायणगंज के विभिन्न विद्यालयों में नशामुक्ति कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। यह अभियान मंडला पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा व एसडीओपी निवास पीएल बालरे के मार्गदर्शन में चलाया गया।

बताया गया कि टिकरिया थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडेय ने शासकीय हाई स्कूल देवहार, मानेगांव, पाठा, हितकारिणी विद्या मंदिर हाई स्कूल नारायणगंज, नवीन शासकीय हाई स्कूल सुखराम और शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला बनार में पहुंचकर विद्यार्थियों को संबोधित किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने छात्र-छात्राओं को नशे के जानलेवा दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए और सभी को जीवन भर नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान में टिकरिया थाने के प्रधान आरक्षक भैया लाल, आरक्षक प्रकाश जांघेला और सभी संबंधित स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।